>

Title: Regarding problems related to electrification in Kushinagar Parliamentary Constituency.

**श्री विजय कुमार दुबे (कुशीनगर)**: अध्यक्ष जी, मैं कुशीनगर लोक सभा क्षेत्र के विद्युतीकरण से संबंधित समस्या की ओर आपका ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हूं। सन् 2018 में 'सौभाग्य योजना' के माध्यम से जैक्शन कंपनी को अनुबंध मिला था कि गांव-गांव के जर्जर पोलों को बदल कर नए पोल-तार एवं बीपीएल कार्ड धारकों को नि:शुल्क कनेक्शंस की सुविधा दी जाए। परन्तु, आज भी कुशीनगर लोक सभा क्षेत्र के सैंकड़ों ऐसे टोले-मजरे हैं, जहां अभी पुराने जर्जर पोल-तार मौजूद हैं। बहुत लोगों को कनेक्शन नहीं मिला है।**…**(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष** : माननीय सदस्य, आपने जीरो अवर किस विषय के लिए दिया था।

कभी भी माननीय सदस्यगण, वरिष्ठ माननीय सदस्य भी शून्य काल में अपने विषय में परिवर्तन करना चाहते हैं तो माननीय अध्यक्ष से अनुमति लेनी पड़ती है।

आपको अनुमति दी जाती है, आप बोलें।

**श्री विजय कुमार दुबे** : माननीय अध्यक्ष जी, शून्य काल समाप्त हो गया, इसलिए हम विकास के बारे में बोलना जरूरी समझें।

माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से कुशीनगर लोक सभा क्षेत्र के लिए मेरा अनुरोध है कि जब हम लोग जैक्शन कंपनी को निर्देश देते हैं कि अमूक जगह पर आपका काम पूरा नहीं हुआ है, आप उसे बदलें तब वे कहते हैं कि मेरा अनुबंध समाप्त हो गया है। जब तक नए अनुबंध के लिए हमें आदेश नहीं मिलेगा, तब तक कार्य आगे नहीं बढ़ाएंगे।

मेरा आपके माध्यम से माननीय विद्युत मंत्री जी से अनुरोध है कि उसे हमारे लोक सभा क्षेत्र के लिए नया अनुबंध कर दिया जाए या उसके अनुबंध को

आगे बढ़ाया जाए ताकि विद्युतीकरण की सुविधा प्राप्त हो सके।